अमर उजाला 18/08/2023

रैली में रैगिंग विरोधी नियमों का पालन करने पर दिया जोर

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के एंटी रैगिंग सेल ने एनएसएस और महिला सेल के सहयोग से रैली आयोजित की। यह एंटी रैगिंग पर एक सप्ताह का उत्सव यूजीसी के दिशा निर्देशों के अनुसार किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को कॉलेज की रैगिंग विरोधी नीति व नियम का पालन करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जोर दिया कि जीएमएन कॉलेज रैगिंग का पुरजोर विरोध करता है। एंटी रैगिंग सेल व महिला सेल की संयोजक डॉ. सीमा कंसल ने छात्रों को सबके साथ मित्रवत रहने की सलाह दी। एनएनएस इंचार्ज डॉ. अनीश ने बताया कि रैगिंग व्यक्ति में मानसिक दोष उत्पन्न करती है।

रैगिंग से पीड़ित व्यक्ति में सोचने विचारने की क्षमता कम हो जाती है और वह तनाव में रहता व आत्महत्या का रास्ता चुनता हैं।

इसलिए पुराने विद्यार्थियों को नए विद्यार्थियों के साथ आत्मीय व्यवहार करना चाहिए। एनएसएस का उद्देश्य भी यही है। इस अवसर पर डॉ. मीनू राठी, डॉ. नियति, डॉ. अनुराधा भी मौजूद रहे। संवाद